कार्यालय :– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर (राज.)

क्रमांक : स्था./2025/152 दिनांक : 28.07.25

–: कार्यालय–आदेश :–

धौलपुर न्यायक्षेत्र में न्यायिक कर्मचारीगण के सामूहिक अवकाश पर जाने के दौरान उनका नेतृत्व करके अग्रणी भूमिका निभाने एवं न्यायिक कार्यों के विपरीत रूप से प्रभावित होने के कारण माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्र क्रमांक **G/I/A-4(i)(a)162/2022/702 दिनांक 24.07.2025 द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ जयपुर द्वारा एस.बी. क्रिमी. विविध सजा स्थगन प्रार्थना पत्र (अपील) नंबर 1687/2024, एस बी क्रिमी. अपील नंबर 2544/2024 में पारित आदेश दिनांक 24.07.25** को पारित आदेश में प्रदत्त निर्देशों के अनुसरण में अनुशासनिक कार्यवाही की जानी है।

श्री ओमबाबू शर्मा, पुर्ननियुक्त लिपिक ग्रेड–द्वितीय जिन्हें कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेशानुसार रीडर ग्रेड–प्रथम के पद से सेवानिवृत्त होने के पश्चात् लिपिक ग्रेड–द्वितीय के पद पर पुर्ननियुक्ति प्रदान की गयी थी व श्री शर्मा इस कार्यालय में लिपिक ग्रेड–द्वितीय के पद पर कार्यरत् हैं व राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ, जिला शाखा, धौलपुर के वर्तमान में अध्यक्ष हैं व उनके द्वारा धौलपुर न्यायक्षेत्र में न्यायिक कर्मचारीगण के सामूहिक अवकाश पर जाने के दौरान उनका नेतृत्व करके अग्रणी भूमिका निभायी गयी है अतः मैं अधोहस्ताक्षरकर्ता श्री ओमबाबू शर्मा, **पुर्ननियुक्त लिपिक ग्रेड द्वितीय की सेवा तुरन्त प्रभाव से समाप्त करता हूं।**

28/07/2025
जिला एवं सेशन न्यायाधीश
धौलपुर

क्रमांक स्था./2025/2547-50 दिनांक 28.07.25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. माननीय रजिस्ट्रार जनरल, राज. उच्च न्यायालय, जोधपुर।
2. श्री ओमबाबू शर्मा, पुर्ननियुक्त लिपिक ग्रेड–द्वितीय
3. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय धौलपुर/उक्त आदेश से संबंधित कर्मचारी को जरिये वाट्सएप अविलम्ब सूचित करें।
4. लेखा/स्थापना शाखा
6. आदेश/संबंधित पत्रावली

28/07/2025
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
धौलपुर